दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 270 ■ भीलवाड़ा ■ गुरुवार 12 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष-तृतीया, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

कागजों में अटका 131 करोड़ का 'अमृत' 120 निजी कॉलोनियों की नहीं बुझी प्यास


अमृत-2 योजना: जोधपुर की डिबार फर्म के नाम खुला था टेंडर, वित्त कमेटी ने अब तक नहीं लिया कोई फैसला

ललित ओझा
लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के चारों ओर विकसित 120 प्राइवेट कॉलोनियों की चंबल का पानी पिला प्यास बुझाने की 131.35 करोड़ रुपए की अमृत-2 योजना कागजों में ही अटकी है। पहले तो टेंडर में देरी, फिर टेंडर हुआ तो ब्लैक लिस्ट फर्म के नाम। नतीजा-स्वीकृति के लिए फाइल सरकार में अटकी है। सरकार न तो इस टेंडर को निरस्त कर रही, न स्वीकृत कर रही। इसके कारण प्राइवेट कॉलोनियों के लोगों की प्यास बुझने की आस बढ़ती जा रही।

जलदाय विभाग के अनुसार अमृत-2 योजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 6 फरवरी 2023 को मिल चुकी, जबकि तकनीकी स्वीकृति 16 दिसंबर 2024 को मिली। टेंडर की तकनीकी व वित्तीय बिड भी क्रमशः 7 फरवरी और 25 अप्रैल 2025 को खोली जा चुकी। इसका टेंडर जोधपुर की फर्म एसबी इंजीनियर्स के नाम खुला। इसे वित्त कमेटी के पास स्वीकृति के लिए भेजा हुआ है।

इसी बीच, जलदाय विभाग के जोधपुर से जुड़े किसी प्रोजेक्ट में गड़बड़ी को लेकर इस फर्म को डिबार कर दिया गया। हालात ये है कि इतने लंबे समय बाद भी वित्त कमेटी ने इस फाइल पर कोई निर्णय नहीं लिया। उसने न तो इस फर्म का टेंडर निरस्त किया, न ही स्वीकृत। इस कारण योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू नहीं हो पा रहा। अमृत-2 के तहत भीलवाड़ा की यह अहम योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बनी थी, जो अब तक भी धरातल पर नहीं उतर पाई है। योजना शुरू होने से शहर की 120 कॉलोनियों को नियमित एवं पर्याप्त चंबल जल मिल सकेगा। वर्तमान में मीठे पानी के अभाव में कई क्षेत्रों को ट्यूबवेलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे जलजनित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



विधायक कोठारी विधानसभा में उठा चुके

विधायक अशोक कोठारी अमृत-2 में 120 प्राइवेट कॉलोनियों को चंबल का पानी पिलाने की इस योजना में देरी का मुद्दा सरकार के विभिन्न स्तरों के साथ ही विधानसभा में भी उठा चुके हैं। वे सरकार से बिना और देरी किए कार्यादेश जारी करने की निरंतर मांग करते रहे हैं। उनका प्रयास है कि प्राइवेट कॉलोनियों की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो।

इनका कहना है....

अमृत-2 योजना में 120 प्राइवेट कॉलोनियों को चंबल का पानी उपलब्ध कराने की योजना का टेंडर जिस फर्म के नाम खुला, वह पहले से ही अन्य किसी मामले में डिबार थी। इसलिए उसे वर्कऑर्डर नहीं दे सकते। यह फाइल सरकार के पास है। जल्द ही यह टेंडर कैंसल हो जाएगा। फिर नए सिरे से टेंडर होंगे।
- अशोक कोठारी, विधायक, भीलवाड़ा

अमृत-2 योजना के टेंडर की फाइल एप्रूवल के लिए मुख्यालय भेजी हुई है। जिसके नाम टेंडर खुला, वह फर्म जोधपुर के अन्य मामले में डिबार है। ऐसे में आगे का निर्णय वित्त कमेटी करेगी।
- गणेश ठुकरान, एक्सईएन, सिटी डिवीजन, पीएचईडी

जयपुर में हिस्ट्रीशीटर को कुल्हाड़ी से काट डाला

कैम्पर से फॉर्च्यूनर को टक्कर मारी; गाड़ी से उतरकर भागा तो घेरकर हमला किया

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

प्रदेश की राजधानी जयपुर में हिस्ट्रीशीटर विजय बाजिया (25) की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। कुछ बदमाशों ने कैम्पर से टक्कर मारकर हिस्ट्रीशीटर की फॉर्च्यूनर को रोका। हिस्ट्रीशीटर गाड़ी से उतरकर भागने लगा तो बदमाशों ने घेरकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए।

इसके बाद आरोपी कैम्पर में बैठकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मॉर्च्युरी भिजवाया। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी करवाई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा।डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण ने बताया कि जोबनेर के तिबारियां के रहने वाले विजय बाजिया का मर्डर हुआ है। विजय बाजिया जोबनेर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। बुधवार रात करीब 8 बजे विजय फॉर्च्यूनर गाड़ी में जोबनेर से जयपुर आ रहा था। इसी दौरान करधनी के जगदम्बा नगर में कैम्पर सवार 4-6 बदमाशों ने उसे घेर लिया। दमाशों ने कैम्पर से विजय की फॉर्च्यूनर को टक्कर मार दी। बदमाशों से बचने के लिए विजय गाड़ी से उतरकर भागने लगा, लेकिन बदमाशों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों के साथ कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महज 5 मिनट में हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर हमलावर फरार हो गए। हिस्ट्रीशीटर की हत्या के बाद आरोपियों ने कुल्हाड़ी डेडबॉडी के पास छोड़ दी।

हिस्ट्रीशीटर की हत्या के दौरान वहां मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। हत्या की सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हत्यारों को पकड़ने के लिए ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई।

दोनों पक्षों में रंजिश, पीछा कर हत्या की

पुलिस जांच में सामने आया है कि किसी केस को देकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी।दूसरे पक्ष के बदमाश काफी दिनों से विजय का पीछा कर रहे थे। बुधवार रात को जयपुर आते समय बदमाशों ने कैम्पर से विजय की फॉर्च्यूनर गाड़ी का पीछा किया। बचने के लिए विजय ने फॉर्च्यूनर मैन रोड की जगह कॉलोनी की गलियों में दौड़ाई और रावण गेट की तरफ जाने लगा। इस दौरान करधनी के जगदम्बा नगर में घेरकर मार डाला और महज 5 मिनट में हत्या कर हमलावर फरार हो गए।

टैक्स बार एसोसिएशन का दिवाली स्नेहमिलन आज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

टैक्स बार एसोसिएशन का दिवाली स्नेह मिलन दीपमाला सेरेमनी आज शाम 6:30 बजे अरिहंत हॉस्पिटल के पास स्थित अग्रसेन भवन में होगा। एसोसिएशन प्रेसीडेंट सीए अमित सेठ ने बताया कि सभी सदस्य उत्सव का आनंद लेंगे।

शहर व चिताम्बा में सूने मकानों को बनाया निशाना, लाखों के नकदी और जेवर पार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



दीपावली की खुशियां मनाने और अपने पैतृक गांवों गए परिवारों के पीछे से चोरों ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में तांडव मचा दिया है। कृषि मंडी चौराहे के पास मुख्य मार्ग पर स्थित मकान और करेड़ा क्षेत्र के चिताम्बा कस्बे में हुई चोरियों ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। शहर में कृषि मंडी चौराहे से महिला आश्रम मार्ग स्थित अमन पाराशर के आवासीय मकान में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अमन अपने परिवार के साथ दीपावली मनाने पैतृक गांव पिपलाज गए हुए थे।

हैरानी की बात यह है कि मकान के ठीक नीचे दुकानें संचालित हैं और मुख्य रास्तों पर लोगों की आवाजाही रहती है, इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर छत के रास्ते अंदर घुसे और करीब 5 लाख रुपये का माल समेट ले गए। चोर सोने के टॉप्स, चांदी की बिछिया, सिक्के, हाथ के कड़े, पिता की अंगूठी और शादी के लिए रखी डेढ़ लाख की नकदी चुरा ले गए। भीमगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना करेड़ा क्षेत्र के चिताम्बा कस्बे की है, जहां सरकारी अस्पताल के पास स्थित लालूराम रेगर के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। लालूराम अपने ससुराल गए थे और बच्चों को पुराने मकान में दादा-दादी के पास छोड़ गए थे। सुबह जब बेटी कपड़े लेने नए मकान पर पहुंची तो टूटे ताले देखकर होश उड़ गए। चोर वहां से 50 हजार नकद, सोने की रामनवमी और चांदी की पायजेब चुरा ले गए। डायल 112 के जरिए करेड़ा थाना पुलिस को सूचना दी गई। लगातार सामने आ रही इन वारदातों ने यह साबित कर दिया है कि चोरों में कानून का खौफ समाप्त हो चुका है। जब मुख्य रास्तों और आबादी वाले इलाकों में भी लोगों के घर सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक अपनी संपत्ति की सुरक्षा किसके भरोसे छोड़े? यह स्थिति पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है कि वे जल्द से जल्द चोरों तक पहुंचें।

हरणी के ओशो उपवन के आश्रम में की तोड़फोड़ गैस सिलेंडर, पंखे सहित कई सामान चोरी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के निकट हरणी महादेव रोड पर बने ओशो उपवन आश्रम में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर आश्रम का ताला तोड़कर अंदर घुसे और वहां जमकर तोड़फोड़ की।

इसके बाद अज्ञात चोर आश्रम से गैस सिलेंडर, पंखे और अन्य कीमती सामान चुराकर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस और मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाना शुरू किया। ओशो आश्रम के संचालक तीर्थदास ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार सुबह आश्रम के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां व अन्य सामान क्षतिग्रस्त किया हुआ था। चोरों ने आश्रम में रखी सामग्री को भारी नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और मौके पर पहुंची मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने फिंगरप्रिंट्स व अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। संचालक तीर्थदास की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शहर के शांतिपूर्ण इलाके में इस प्रकार की चोरी और तोड़फोड़ की घटना से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।



आनासागर झील में मिला भीलवाड़ा की महिला का शव, बहु से विवाद का आरोप

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

अजमेर की आनासागर झील में बुधवार को मिले महिला के शव की गुरुवार को शिनाख्त कर ली गई है। मृतका की पहचान भीलवाड़ा निवासी 60 वर्षीय मोहनी देवी प%ी हीरालाल कोली के रूप में हुई है। मृतका के बड़े बेटे कमल और भाई गणेशाराम ने बताया कि 10 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे भाई दूज पर अजमेर स्थित पीहर आने की बात को लेकर घर में बहु के साथ विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद वह नाराज होकर घर से निकल गईं। कुछ देर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, तो परिवार के एक सदस्य को वह रेलवे स्टेशन पर मिल गईं।



परिजनों ने उन्हें अजमेर जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचीं। पीहर पक्ष को भी उनके आने की सूचना दी गई थी, लेकिन दोपहर 3 बजे तक उनके न पहुंचने पर रेलवे स्टेशन और अन्य जगहों पर तलाश की गई। भीलवाड़ा में भी पता न चलने पर जीआरपी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसके अगले दिन 11 नवंबर को उनका शव आनासागर झील में तैरता मिला। शुरुआत में थाना क्षेत्र को लेकर असमंजस की स्थिति रही, लेकिन जांच में मामला क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र का पाया गया।


गुरुवार को दोनों पक्षों के परिजन जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि महिला रेलवे स्टेशन से झील तक कैसे पहुंची और उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई; पुलिस हादसा और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल कर रही है।

प्रदेश में 2 दिन बारिश का अलर्ट, 15 के बाद बढ़ने लगेगी सर्दी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

प्रदेश में 14-15 नवंबर को मौसम में बदलाव हो सकता है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से बीकानेर संभाग के एरिया में आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर बारिश का भी अलर्ट है।

मौसम के इस बदलाव के बाद 16 नवंबर से राजस्थान में सर्दी बढ़ने की संभावना है। इस दौरान तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। पिछली 24 घंटे में राजस्थान के सभी इलाकों में आसमान साफ रहा। जैसलमेर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। रात शेखावाटी के जिलों में रात में सर्दी तेज हो गई है। यहां तापमान 11 डिग्री से भी नीचे दर्ज हो हुआ।



रेगिस्तानी जिलों में अब भी तेज गर्मी

बुधवार को सबसे ज्यादा तापमान 37 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 36.2, जैसलमेर में 35.2, जोधपुर में 35.1, पाली में 34.8 और बीकानेर में 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

रेगिस्तानी जिलों में नवंबर के करीब दो सप्ताह बीतने के बाद भी दिन में तेज गर्मी है। वहीं, शेखावाटी के सीकर, फतेहपुर, चूरू, पिलानी के तापमान में गिरावट होने से सर्दी बढ़ गई। इन शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। सबसे ज्यादा ठंडी रात बुधवार को फतेहपुर और सीकर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 10.8 और 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

आने वाले दिनों में ये रहेगा मौसम

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले तीन दिन तक आसमान साफ रहने और दिनभर धूप रहेगी। इस दौरान कुछ शहरों के अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने की संभावना है। 14, 15 नवंबर को एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान में सक्रिय होगा।

बारिश की संभावना

इस सिस्टम के असर से बीकानेर संभाग के चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर के अलावा फलोदी और उसके आसपास बारिश की संभावना है। 16 नवंबर से राज्य में मौसम फिर से साफ होगा और तापमान में गिरावट शुरू होगी, जिससे रात में कई शहरों में सर्दी तेज होगी।

आदिवासियों को साधने में जुटी भाजपा, युवा संवाद पर फोकस

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

प्रदेश में भाजपा ने आदिवासी वोटबैंक और युवाओं को साधने के लिए बड़ा दांव चला है। भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती और 'जनजाति गौरव सप्ताह' के बहाने पार्टी प्रदेशभर में 14 से 23 नवंबर तक मेगा प्लान उतारने जा रही है। भाजपा ने पूरे कार्यक्रम की प्लानिंग युवाओं और छात्रावास के इर्द-गिर्द की है।

भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने बताया कि 15 से 20 नवंबर तक विशेष रूप से 'युवा संवाद' और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं 16 से 20 नवंबर के बीच खेलकूद और निबंध प्रतियोगिताओं के जरिए छात्र-युवाओं को जोड़ा जाएगा। जनजातीय छात्रावासों में संपर्क अभियान चलाकर युवाओं से संवाद किया जाएगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जनजातीय समाज के युवाओं को जोड़ने के लिए युवा संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं, मेले और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। शोभायात्राएं निकालकर जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। सरकार की ओर से 23 नवंबर को वणेश्वर धाम पर जनजाति गौरव जनसभा कार्यक्रम प्रस्तावित है।


विक्रम सिंह सोनी
राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

WORTHYTECH SOLUTIONS
IDEAS | TECHNOLOGY | GROWTH
We Build Solutions for Your Business at an Affordable Cost.
WEBSITE DEVELOPMENT
SOFTWARE DEVELOPMENT
APP DEVELOPMENT
DIGITAL MARKETING
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for New Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara (Raj.) - 311001
9982376430
www.worthytechsolutions.com
info@worthytechsolutions.com

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में

डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist


डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur.

डॉ. अरुण आर्य श्योराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्वास्थ्य सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024993
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals | CKSHospitals | www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur



राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

DR. APURVA'S
COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं

डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD) (BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ

समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा

डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार

Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज •सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

न्यूज इन बाक्स

हरिशेवा में दो दिवसीय निर्मला बाई की कथा आज से

भीलवाड़ा । कार्तिक मास के पावन अवसर पर सतगुरु संगत खाराए पंज डोडा साग टकिय जो की ओर से दो दिवसीय निर्मला बाई की कथा एवं सत्संग प्रवचन का शुभारंभ आज शाम 6 बजे सतगुरु बाबा शेवाराम साहब जी की परंपरा के अनुसार होगा। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन ने बताया कि कथा के माध्यम से समाज में सद्भाव, संस्कार और सनातन संस्कृति के मूल्यों का प्रसार किया जाएगा। 12 नवंबर को कथा एवं सत्संग प्रवचन के साथ प्रसाद स्वरूप डोडा और सरसों के साग का वितरण होगा। 13 नवंबर को शाम 6 से 8 बजे तक निर्मला बाई की कथा का समापन होगा। इस अवसर पर भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को डोडा-चटनी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।इस धार्मिक आयोजन की विशेष मान्यता है कि श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना के साथ घरों से पांच मक्की की रोटियां और बिना लहसुन-प्याज का सरसों का साग बनाकर लाते हैं तथा प्रभु के चरणों में भोग अर्पित करते हैं। मान्यता के अनुसार इससे भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

यूनेस्को ने गरीब बच्चों के साथ मनाई दिवाली



भीलवाड़ा । जिला यूनेस्को एसोसिएशन द्वारा स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली के सानिध्य में सदस्यों ने झुग्गी झोपड़ियों के गरीब महिलाओं व बच्चों के साथ दीपावली मनाई। प्रदेश संयोजक माली ने कहा कि आज भी कच्ची बस्तियों में मौलिक सुविधाएं उनके परिवार को नहीं मिल पा रही है। यूनेस्को ने ऐसे बच्चों के बीच खुशियां बांटी। सदस्यों ने तेजसिंह सर्कल के पास कच्ची बस्ती, कुवाड़ा व ईरास स्थित देव छाया विहार सहित कई गरीब बस्तियों में उनके साथ मिलकर दीपावली का त्योहार मनाया। प्रत्येक परिवार को एक-एक पैकेट मिठाई, पटाखे के साथ ही अन्य सामग्री 100 परिवारों को उपहार स्वरूप दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष चेतन मानसिंहका का विशेष सहयोग रहा। एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा, कमलेश जाजू, मधु लोढ़ा, विशाल विजयवर्गीय, रामचन्द्र मून्दड़ा, साधना मेलाना, विनोद मेलाना, संतोष चंदेल, मुकेश बुलिवाल आदि उपस्थित थे।

मेवाड़ चैंबर का दिवाली स्नेह मिलन आयोजित



भीलवाड़ा । मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन हुआ। मेवाड़ चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आर सी लोढा, उपाध्यक्ष योगेश लढ्ढा, मानद महासचिव आर के जैन, संयुक्त सचिव एन के जैन ने स्नेह मिलन में जन प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, शहर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं मेवाड़ चेम्बर के सदस्यों का स्वागत कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। मेवाड चेम्बर के पूर्वाध्यक्ष डॉ एस एन मोदानी, डॉ पी एम बेसवाल, जे सी लढ्ढा, वी के सोडानी, दिनेश नौलखा, डी पी मंगल, पूर्व मानद महासचिव एस पी नाथानी के साथ एन के बहेड़िया, वरुण लढ्ढा, नितिन नौलखा, करण सिंह रांका, विनोद मानसिंगका, सुमित जागेटिया, अतुल सोमाणी, कमल मोदी, पी आर तोतला, राजीव मुखीजा, अशोक शर्मा, एस के जैन, बैंकर्स क्लब, टेक्सटाइल एजेन्ट एसोसियेशन, टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन, ऑटोमाइल्स मशीनरी डीलर्स एसोसियेशन, टेक्सटाइल एजेन्ट एसोसियेशन, दी क्लोथ मर्चेन्ट एसोसियेशन, सीए, सीएस एसोसियेशन आदि के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

विधायक भडाणा ने सीएम से की विकास कार्यों पर चर्चा



भीलवाड़ा । राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा से मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने शिष्टाचार भेंट की। विधायक प्रवक्ता कमलेश सिंह गुढ़ा ने बताया कि जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को विधायक भडाणा ने गुलदस्ता भेंट कर दीपावली की शुभकामना दी। इस दौरान भडाणा और मुख्यमंत्री शर्मा ने मांडल में हो रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री शर्मा ने भडाणा को अपने क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं रखने जैसा विश्वास दिलाया

श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



भीलवाड़ा । श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति, भीलवाड़ा की ओर से जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को कंबल वितरित किए गए। समिति के अध्यक्ष महंत लक्ष्मण दास त्यागी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में सेवा, दान और परोपकार को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। त्यौहार हमें समाज के असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करने की प्रेरणा भी देते हैं। इसी भावना के अनुरूप अन्नकूट पर्व पर कंबल वितरण का सेवा कार्य किया गया। समिति के महामंत्री परमेश्वर दास ने बताया कि श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति निरंतर धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना और समाज के वंचित वर्ग को सहयोग प्रदान करना ही समिति का मुख्य उद्देश्य है। समिति के कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद दास, अजय रामदास, मुकुंद मोहन दास, बंगाली बाबा, प्रेमदास, रामसेवक दास ब्रह्मचारी सहित अन्य श्रद्धालु एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

रूपाहेली में 125 की नेत्र जांच, मोतियाबिंद के ऑपरेशन



भीलवाड़ा । भारत विकास परिषद्, लायंस नेत्र चिकित्सालय एवं जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रूपाहेली स्थित माहेश्वरी भवन में निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। 125 रोगियों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिला। मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए 30 रोगियों को ऑपरेशन के लिए भीलवाड़ा लाया जाएगा । आवश्यकता के अनुसार 50 चयनित रोगियों को नंबर के चश्मे भी उपलब्ध करवाए गए। शिविर स्व. चांदमल जागेटिया की पुण्य स्मृति में हुआ। शिविर संयोजक सुमित जागेटिया ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार की दवाइयां भी 95 रोगियों को निःशुल्क वितरित की गईं।

जो भागवत की गंगा में डुबकी लगा ले उसका जीवन सफलः आचार्य शास्त्री

हनुमान टेकरी पर कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





पवित्र भावों के साथ जो भागवत की गंगा में डूबकी लगा ले उसका जीवन सफल हो जाता है। श्रीमद भागवत को जन्म मरण के बंधन को समाप्त कर इस लोक के साथ परलोक को भी सुधारने वाली है। मनुष्य ही है जो भागवत कथा जैसा आयोजन कर सकता है।

ये विचार छोटी हरणी स्थित श्री टेकरी के बालाजी काठियाबाबा आश्रम पर महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजन के प्रथम दिन व्यासपीठ से वृन्दावन के कथावाचक गौरक्षक आचार्य महेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। कथा प्रारंभ होने से पूर्व सुबह दादीधाम से हनुमान टेकरी तक भव्य कलश शोभायात्रा भी निकाली गई। इससे पूर्व महंत बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में सांगोपांग पंचाग देवी देवताओं का विधिपूर्वक पूजन वेदाचार्य पंडित मुकेश शास्त्री ने सम्पन्न कराई। पहले दिन श्रीमद् भागवत की स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत महात्म्य, व्यास नारद संवाद, कुंती स्तुति प्रसंग का वाचन का वाचन हुआ। कथावाचक आचार्य शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से जीवन धन्य हो जाता है एवं यह परमात्मा की प्राप्ति का माध्यम है। भागवत वक्ता वैरागी एवं श्रोता प्रभु अनुरागी हो तभी भक्ति सरिता प्रवाहित होने का आंनद मिल सकता है। वह सौभाग्यशाली होते है जिन्हें भागवत कथा श्रवण का सुअवसर मिलता है। भागवत मनोरंजन का नहीं मन भंजन का विषय है जिसे श्रवण करने से हरि हमारे अंदर प्रवेश कर जाते है। शास्त्रीजी ने कथा आयोजन के सूत्रधार महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि कृष्ण भक्ति करने वाले गाय से प्रेम करें। गाय को पाल नहीं सकते तो गौशाला में जाकर गाय को गोद ले। जो गोसेवा करता है वहीं गोपाल कहलाता है।

रामधाम गौशाला में गोपाष्टमी पर लगेगा गौ माता को छप्पन भोग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

हमीरगढ़ रोड स्थित रामधाम गौशाला में 17 नवम्बर, मंगलवार कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट, भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को लेकर गौ भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्रस्ट के सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर गौ माता का विशेष पूजन, भव्य आरती और छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। शुरुआत 17 नवम्बर को प्रातः 11.15 बजे गौ माता के पूजन, भव्य आरती और छप्पन भोग अर्पण के साथ होगी। इस दौरान गौशाला परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और गोमाता के जयकारों से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका ने बताया कि सनातन संस्कृति में गोपाष्टमी पर्व का विशेष और ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने गौ सेवा का संदेश देते हुए गौ पूजन किया था। इसी परंपरा को निभाते हुए शहरवासियों को गौ सेवा का यह सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। गौ आरती और छप्पन भोग के पश्चात, दोपहर 12.15 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद (महाप्रसाद) का आयोजन किया जाएगा। गौ माता के महाप्रसाद हेतु विशेष पकवान और सामग्रियां तैयार की गई हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की सब्जियां, लड्डू, लापसी, ताजे फल, बाटा, सूखे मेवे और छह प्रकार की मिठाइयां शामिल हैं।

काशीपुरी राधा कृष्ण मंदिर में 16 को मनेगा अन्नकूट महोत्सव, सजेगी भजन संध्या

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के काशीपुरी (वकील कॉलोनी) स्थित राधा कृष्ण मंदिर में 16 नवंबर सोमवार को भव्य अन्नकूट महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। पंडित घनश्याम शर्मा ने बताया कि इस पावन धार्मिक अनुष्ठान को लेकर क्षेत्रवासियों और मंदिर समिति में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन से जुड़े धर्मप्रेमियों ने बताया कि उत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। 16 नवंबर को दोपहर 3:15 बजे से सुमधुर भजनों की सरिता बहेगी, जिसमें नामचीन कलाकार भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके पश्चात सांय 5 बजे भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

महाआरती के ठीक बाद अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिसका लाभ सैकड़ों भक्तजन प्राप्त करेंगे। गौरतलब है कि सनातन संस्कृति में अन्नकूट का विशेष महत्व है। इस पावन दिन भगवान श्री कृष्ण को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों व छप्पन भोग का अन्नकूट भोग लगाकर प्रकृति और अन्नदेवता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, समरसता और अटूट भक्ति भाव का संचार होता है। समस्त क्षेत्रवासियों एवं राधा कृष्ण मंदिर समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार इस अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में सूर्या वैष्णव भारतीय टीम में शामिल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



उत्तर प्रदेश के लखनऊ साईं सेंटर में 6 नवंबर को कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की चयन ट्रायल आयोजित की गई जिसमें राजस्थान के भीलवाड़ा शहर के केसरी नंदन व्यायामशाला के पहलवान सूर्या वैष्णव के ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भारतीय टीम में शामिल किया गया। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बताया कि पहलवान सूर्या वैष्णव ग्रीको रोमन स्टाइल के 80 किलोग्राम वजन वर्ग में शामिल हुआ और अपने सभी प्रतिद्वंदियों को हराकर भारतीय टीम का हिस्सा बने हैं। सूर्या पहलवान का चयन अंडर 17 वर्ष कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह चैंपियनशिप साउथ अफ्रीका के (पोलोकवाने) में 4 से 6 दिसंबर 2026 तक आयोजित होगी। इस मौके पर केसरी नंदन व्यायाम शाला के संरक्षक राधेश्याम बहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट, सचिव अरुण कुमार शर्मा,पूर्व नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, कोषाध्यक्ष महेश पांडे, डिप्टी सीटीआई रतनलाल जाट (भारतीय रेलवे), कुश कुमार, छोटू लाल माली,अनिल शर्मा, विष्णु पहलवान, शंकर जाट पीयूष शर्मा, प्रदीप,राहुल, व्यायाम शाला के सह प्रशिक्षक मुकेश,नवीन कुमार आदि ने खुशी जताई।

वरिष्ठ नागरिक मंच का दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट कल

भीलवाड़ा। वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन शुक्रवार, को प्रातः 11 बजे से आरकेआरसी माहेश्वरी भवन में किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके तहत उमा शंकर शर्मा को कार्यक्रम प्रभारी, कृष्ण गोपाल सोमानी को खेलकूद प्रभारी तथा कैलाश चंद्र सोमानी को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, अल्पाहार एवं अन्नकूट व्यवस्था की जिम्मेदारी कैलाश चंद्र पुरोहित एवं प्रमोद कुमार तोषनीवाल को सौंपी गई है।

जिला महिला सम्मेलन 15 को, तैयारियां तेज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान विद्यालय शिक्षा का जिला महिला सम्मेलन 15 नवम्बर, रविवार को सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीलवाड़ा में आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन में जिले के सभी ब्लॉकों से महिला शिक्षिकाएं भाग लेंगी। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिला टोली की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अखिल भारतीय सह सचिव सुषमा विश्नोई एवं प्रदेश सह संगठन मंत्री कैलाश चंद्र सुथार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र बड़वा ने की। बैठक में सम्मेलन की सम्पूर्ण रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। मंच व्यवस्था, पंजीकरण, स्वागत, भोजन एवं आवास व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्मारिका प्रकाशन तथा प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। अखिल भारतीय सह सचिव सुषमा विश्नोई ने कहा कि महिला सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिला शिक्षकों की शक्ति, संगठन के प्रति समर्पण और शिक्षा क्षेत्र में उनकी भूमिका को दर्शाने का मंच है। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षकों की समस्याओं, उनके सम्मान, सुरक्षा एवं व्यावसायिक उन्नयन पर सम्मेलन में गंभीरता से चर्चा होगी। प्रदेश सह संगठन मंत्री कैलाश चंद्र सुथार ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र बड़वा ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करने का आग्रह किया। बैठक में जिला संयुक्त मंत्री पुरुष पद पर बसंत पोरवाल एवं जिला संयुक्त महिला मंत्री पद पर सीमा लोहार का मनोनयन सर्व समिति से किया गया।

जिला सह मंत्री विनोद झंवर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बनवारी लाल काबरा, महिला मंत्री नीता रावत, सुवाणा अध्यक्ष ओमप्रकाश सुथार ,शहर अध्यक्ष संध्या रानी सिंह, जिला संगठन मंत्री महिला कल्पना जैन संजय शर्मा, प्रेम व्यास ,जानकी लाल माली, जिले के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बागरिया बस्ती के जरूरतमंद बच्चों के लिए वूलन जर्सियों का वितरण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत भीलवाड़ा जिला शाखा द्वारा स्व.रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान के सौजन्य से कच्ची बस्तियों के बच्चों तथा सरकारी प्राइमरी स्कूलों के छोटे-छोटे (5 से 10 वर्ष) जरूरतमंद बच्चों के लिए एक हजार एक वूलन जर्सियों का निःशुल्क वितरण प्रारम्भ किया जा चुका है। इसी क्रम में स्थानीय गीता भवन सभागार में बागरिया बस्ती के जरूरतमंद बच्चों के लिए वूलन जर्सियों का वितरण अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अशोक सोडाणी एवं गुजरात प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कोठारी के कर कमलों से किया गया। कोठारी ने कहा कि अगर आप सौ की मदद नहीं कर सकते हैं तो एक की ही मदद कर दीजिए, लेकिन कीजिए जरूर। क्लब के रामचन्द्र मूंदड़ा, संस्थान के निदेशक अनिल सोडाणी एवं एडवोकेट मोहित सोडाणी ने बताया कि जरूरतमंद बच्चों तक यह जर्सियां पहुंचे, इस हेतु उनके वितरण की उचित रूपरेखा तैयार करके क्लब के जिला पदाधिकारियों एवं अन्य विभिन्न एनजीओ के माध्यम से वितरित की जा रही है।

लोक आस्था का महापर्व छठ कल से, महापौर जसवंत कंवर ने किया छठ घाटों का औचक

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा को लेकर भीलवाड़ा में उत्साह और उल्लास का माहौल है। इसी क्रम में तैयारियों को पुख्ता करने के लिए महापौर जसवंत कंवर ने छठ घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

छठ पूजा सेवा समिति वॉटर वर्क के आह्वान पर महापौर जसवंत कंवर ने छठ घाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा छठ पूजा के आयोजन में नगर निगम की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि भीलवाड़ा में पिछले कई वर्षों से छठ महापर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष 13 नवंबर से 16 नवंबर तक चार दिवसीय छठ महापर्व का आयोजन होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 13 नवंबर को नहाय-खाए से होगी, जिसमें व्रती पूजन सामग्री एकत्र कर शुद्ध एवं सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। इसके बाद 14 नवंबर को खरना का आयोजन होगा, जिसके पश्चात 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ होगा। 15 नवंबर को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्द्धदेय देकर महापर्व का समापन करेंगे। इसके साथ ही, छठ पूजा सेवा समिति एवं पूर्वांचल जन चेतना समिति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें 14 नवंबर को मानसरोवर झील पर और 15 नवंबर को लेबर कॉलोनी स्थित श्रम कल्याण केंद्र के प्रांगण में प्रस्तुतियां दी जाएंगी। निरीक्षण के दौरान महापौर, उपमहापौर और कई पार्षद एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। छठ महापर्व पूर्वांचल की संस्कृति और लोक आस्था का एक अनूठा प्रतीक है। प्रशासन और स्थानीय समितियों के सहयोगात्मक प्रयासों से इस वर्ष पर्व को भव्य और सुव्यवस्थित रूप देने की पूरी तैयारी है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

भाईदूज पर नाथद्वारा की तर्ज पर सांवरिया जी के दरबार में सजा छप्पन भोग





लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

नौगांवा की माधव गौशाला स्थित श्री सांवरिया सेठ के दरबार में भाईदूज पर छप्पन भोग लगाया। नाथद्वारा की तर्ज पर आयोजित इस उत्सव में लगभग 1500 किलो मिक्स सब्जियों का विशाल भोग तैयार किया गया। इसके साथ ही 200 किलो चौला-चावल, 125 किलो नुंगती (बूंदी) और 125 किलो पकोड़ी भी विशेष रूप से बनाई गई। कोटड़ी के कुशल कारीगरों और सहयोगियों द्वारा पूरी पवित्रता, शुचिता और एकांत के साथ इस महाभोग को तैयार किया गया, जो भगवान के प्रति अगाध सेवा भाव का अनूठा परिचायक रहा।

प्रधान कारीगर दिनेश के नेतृत्व में 13 कारीगरों की टीम ने सब्जियों की कटाई और पकने की सेवा पूरी निष्ठा से निभाई। गौशाला के 30 ग्वालों और पंडितों ने पारंपरिक वेशभूषा–धोती, भगवा वस्त्र और साफे में हाथों में टोकरिया लेकर चंवला-चावल और अन्य प्रसाद एकत्र किया और फिर नियमानुसार भक्तों के बीच प्रसाद की लूट का आयोजन हुआ। इस अनोखे दृश्य को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में गूंजते मधुर भजन-कीर्तनों ने पूरे वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। इंदौर के कारीगरों द्वारा विशेष रूप से लाई गई श्रीनाथ जी की सुंदर पोशाक से भगवान का अलौकिक और मनमोहक श्रृंगार किया गया। सुबह भगवान का दुग्धाभिषेक, दीपोत्सव और महाआरती का आयोजन किया गया। दीपों की रोशनी और आकर्षक विद्युत सज्जा से पूरा मंदिर प्रांगण जगमगा उठा। दिन-रात गौ-सेवा में जुटे गौ-सेवकों और ग्वालों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में पंगत में बैठाकर श्रद्धालुओं को अन्नकूट महाप्रसाद बड़े ही प्रेम और अनुशासन के साथ परोसा गया।

चंवरा के बालाजी में अन्नकूट पर भक्ति और काव्य का अनूठा संगम





लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

बड़लियास क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चंवरा के बालाजी मंदिर परिसर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया।

हास्य कवि दीपक पारीक, कवि सोहन चौधरी, कवि मोहन पूरी, संजीव सुजल, कमलेश केकड़ी, मनीष सुखवाल, अंशुमान आजाद एवं ओम आदर्शी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कवियों ने राजस्थानी संस्कृति, सामाजिक सरोकारों, वीर रस और हास्य-व्यंग्य से ओतप्रोत रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। वीर रस की कविताओं ने श्रोताओं में जोश और उत्साह का संचार किया, वहीं हास्य कविताओं ने पंडाल को ठहाकों से गुंजायमान कर दिया। राजस्थानी भाषा की रचनाओं ने स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।आयोजक परिवार के सदस्य कमलेश सुवालका एवं राजा सुवालका ने बताया कि प्रातः मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ। बालाजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया। महाआरती हुई। आयोजन में श्याम लाल, रतन लाल, रामेश्वर लाल, गोपाल लाल पूर्व सैनिक, रामस्वरूप, छोटू लाल, भंवर लाल, सुनील सुवालका ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

माली सैनी अधिकारी कर्मचारी संस्था के स्नेह मिलन में शिक्षा को बढ़ावा पर जोर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



माली सैनी अधिकारी कर्मचारी संस्था के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह संरक्षक डॉ.शंकर लाल माली एवं मदनलाल माली के सानिध्य तथा जिला अध्यक्ष तोताराम माली की अध्यक्षता में हुआ।

संस्थान के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरनारायण माली ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह के उपरांत संस्था की कार्यकारी समिति की बैठक हुई, जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों और समाज के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। संस्था की कार्यकारिणी की बैठक अब प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। समाज के विद्यार्थियों में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने और उनमें जागरूकता पैदा करने के प्रयासों को और अधिक तेज किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आर्थिक तंगी के कारण समाज का कोई भी मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा से वंचित न रहे और उनकी पढ़ाई अधूरी न छूटे। संस्था सचिव कन्हैया लाल माली, कोषाध्यक्ष सूरज माली, रामनारायण माली, नंदलाल गढ़वाल, भेरुलाल रगस्या, भेरुलाल जी कुवाड़िया, आयुष सैनी, गोपाल माली, दीपचंद सैनी, लोकेश माली, सुरेंद्र गढ़वाल, जानकी लाल माली, नंदलाल गढ़वाल, प्रकाश माली, छगन माली सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

आरक्षण जाति आधारित विशेष सुविधा है जिसे राज्य बदलने पर अपने साथ नहीं ले जाया जा सकता।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

दूसरे राज्य के आरक्षित को आरक्षण नहीं

आरक्षण का लाभ जाति के आधार पर सभी राज्यों में समान नहीं है। क्योंकि हर राज्य की अपनी सूची है। जिसके अन्तर्गत आने वाले जाति वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया जाता है। इस आधार पर हर राज्य की अपनी अलग व्यवस्था है। जिसके अनुरूप आरक्षण दिया जाता है। जाति आधारित आरक्षण उस जाति वर्ग में पैदा होने से ही लागू हो जाता है। वैसे आरक्षण को लेकर आर्थिक समृद्धि के बाद आरक्षण का लाभ नहीं लेना चाहिए। यह केवल सुझाव है जबकि कोई भी व्यक्ति चाहे कितना ही सम्पन्न और समृद्ध हो जाये आरक्षण का लाभ छोड़ने को तैयार नहीं है। इसी प्रकार जो लोग दूसरे राज्य में आरक्षित वर्ग से सम्बद्ध है। उन्हें अपने राज्य है तो आरक्षण का लाभ मिलता है लेकिन वे अन्य राज्य का हिस्सा बन जाये तब भी अपने मूल राज्य के अनुरूप आरक्षण का लाभ प्राप्त करने को तत्पर रहते है। यदि ऐसा होता है तो स्वाभाविक है कि प्रदेश के निवासी आरक्षण के लाभ से वंचित हो जायेंगे। फिर आरक्षण होता ही बहुत कम अनुपात हे और उसमें भी अन्य राज्य वालों को मौका मिल गया तो स्व. प्रदेश के निवासी तो अधिकार से वंचित हो ही जायेंगे। ऐसे हालात में न्याय पालिका का हस्तक्षेप जरूरी है। जिसके बिना किसी को रोकना कठिन काम है।

राजस्थान हाईकोर्ट की खण्ड पीठ ने अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि अन्य राज्यों के आरक्षित वर्ग से ताल्लुक रखने वाले और राजस्थान में आकर बसने वाले अभ्यर्थियों को यहां की सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे प्रवासियों की उम्मीदवारी को केवल सामान्य श्रेणी के तहत ही परखा जाएगा। वरिष्ठ न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर और न्यायाधीश चन्द्रशेखर शर्मा की खण्ड पीठ ने बारिया शर्मिष्ठा बेन की विशेष अपील को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। अपीलार्थी गुजरात की रहने वाली और वहां अनुसूचित जनजाति एसटी वर्ग से है। गुजरात में विवाह के बाद राजस्थान में आकर बस गई। अदालत ने कहा कि कोई व्यक्ति किसी एक राज्य के आरक्षित वर्ग से दूसरे राज्य में माईग्रेट करता है तो वह मूल राज्य के विशेष अधिकारों को दूसरे राज्य में साथ नहीं ले जा सकता। अर्थात कोर्ट व्यक्ति एक राज्य से निकल कर दूसरे राज्य में प्रवास करता है तो वह अपने मूल राज्य के विशेष अधिकारों या आरक्षित दर्जे को दूसरे राज्य में अपने साथ स्थानान्तरित नहीं कर सकता। आवश्यकता इस बात की है कि राज्य सरकार ऐसे प्रकरणों के लिए स्पष्ट बनी रहे। ताकि प्रदेशवासी के अधिकारों की रक्षा भी हो और आरक्षण का अनुचित लाभ न उठा पाये।

कड़वी घूंट -सूरज

फर्जी प्रमाण पत्रों का खेल ...

प्रमाण पत्र तो सदैव मिलते है लेकिन उनके बारे में अधिक जानकारी एकत्र किए प्रमाण पत्रों की न्ये सिरे से जांच की जाय तो एकाधिक कमजोरियां का खुलासा हो सकता है। अवसरवादी लोग तो पैसा खर्च करके भी हत्साहित है का ध्यान रखना है क्योंकि जिस संस्था को मान्यता ही नहीं वह मौके फायदा उठा कर प्रमाण पत्र जारी कर रही है।

विपरित इसके इन प्रमाण पत्रों की मांग तब और बढ़ जाती है जब राज्य सरकार द्वारा नौकरी के लिए खेल प्रमाण पत्र वालों को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा हो। नौकरी पाने के लिए तो लोग कुछ भी करने को तैयार हो जाते है।

हां जो लोग अथवा संस्थाएं मान्यता प्राप्त हो उन पर तो सवाल नहीं उठाया जाता। प्रदेश में खेल उपलब्धियों के आधार पर दी जाने वाली नियुक्ति में एक अमान्य संस्था ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भोजकर कथित तौर पर फर्जी खेल प्रमाण पत्र ही जारी नहीं किये बल्कि इन्हीं के आधार खिलाड़ियों को नौकरी की सिफारिश भी की है। अब यह आप जानो कि जिस संस्था को स्पोर्टस काउंसिल की मान्यता ही नहीं वहीं संस्था सरकार नौकरी में नियुक्ति दिलाने की सिफारिश भी कर रही है।

आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ की भीलवाड़ा से विदाई 15 नवंबर को

पिच्छिका परिवर्तन के साथ सूर्यमहल से करेंगे मंगल विहार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार एतिहासिक चातुर्मास सम्पन्न करने के बाद राष्ट्र संत मनोज्ञानचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ 15 नवम्बर को चातुर्मास सम्पन्न कर यहां से विदा हो जाएंगे। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि आचार्यश्री की विदाई से पूर्व रविवार दोपहर 1.30 बजे शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में पिच्छी परिवर्तन समारोह होगा। इसमें आचार्यश्री अपने भीलवाड़ा चातुर्मास का अंतिम आशीर्वचन भीलवाड़ावासियों को देंगे। उन्होंने बताया कि जैन परंपरा में चातुर्मास के बाद संत अपनी पुरानी



पिच्छिका अपने विशेष भक्तों को जिन्होंने पूरे चातुर्मास अपनी सेवा प्रदान की उन्हें देंगे वही भीलवाड़ा समाज के विभिन्न संगठन नवीन पिच्छिका भेंट करेंगे।इस समारोह के माध्यम से भीलवाड़ावासी श्रद्धालु एवं भक्तगण आचार्यश्री को भावपूर्ण विदाई देंगे। चातुर्मास समिति इस आयोजन की तैयारियों में जुट गई है। मंगल प्रवेश होने के बाद अब चातुर्मास समिति विदाई भी उसी भव्य तरीके से देने की भावना से जुटी हुई है। पिच्छी परिवर्तन समारोह के बाद 15 नवम्बर दोपहर 3 बजे आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ सूर्य महल से मंगल विहार कर शास्त्रीनगर जैन मंदिर दर्शन कर सिंधुनगर,राजीव गांधी चौराहा, महाराणा टॉकीज, माणिक्यनगर होते हुए पुराने भीलवाड़ा के जैन मंदिर दर्शन कर तिलकनगर स्थित यश विहार रात्रि विश्राम करेंगे। यहां से 16 नवम्बर प्रातः 7 बजे विहार कर कोटड़ी रोड स्थित दिनेश गोधा के फार्म हाउस पर आहार चर्या करेंगे।

ठाकुरजी श्रीचारभुजा के लगाया अन्नकूट का भोग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

बाजार के मध्य में स्थित श्रीचारभुजा मंदिर समिति के तत्वाधान में बुधवार सायं चारभुजा मंदिर में ठाकुरजी को अन्नकूट का भोग लगाया गया व महलों के चौक में शहर के सैक?ो श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसाद लिया। इस दौरान महलों के चौक में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक पंगत प्रसादी ली।

इससे पूर्व सुबह से ही मन्दिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित हुए ठाकुरजी को आकर्षक रूप सजाया गया। ठाकुरजी की विशेष पूजा अर्चना के साथ चारभुजानाथ की प्रतिमा का मनमोहक श्रंगार किया गया। मन्दिर परिसर में भी सजावट की गई। सायं को ठाकुरजी की पदरावणी महलों के चौक में करवाई गई जहाँ महाआरती पश्चात अन्नकूट का भोग लगाया गया। सर्वप्रथम कन्याओं को प्रसाद पवा कर उनका पूजन किया गया तत्पश्चात सैकडों



भक्तों ने अन्नकूट का प्रसाद महलों के चौक में पंगत प्रसादी में पाया। अन्नकूट महोत्सव के दौरान पंगत प्रसादी के भव्य आयोजन के अंतर्गत शहर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई तथा आम श्रद्धालुओं की भांति पंगत प्रसादी ली।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि पंगत और संगत सनातनी संस्कृति में एकता का मुख्य आधार है। सनातनी बंधुओं की एकजुट के लिए साधु संतों ने भी पंगत और संगत को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि संगत और पंगत की प्रथा सनातनी धर्म गुरुओं द्वारा सामाजिक समानता, भाईचारा और भेदभाव को खत्म करने के लिए शुरू की गई थी, जहाँ सभी लोग एक साथ एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं और गुरु कीर्तन में भाग लेते हैं। यहाँ ठाकुरजी की संगत के साथ भी पंगत प्रसादी का आयोजन क्षेत्र में एकता का आधार साबित होगी।

परकोटे से होते हुए निकाली घासभेरू बावजी की शिला सवारी यात्रा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

कस्बे में रात घासभेरू बावजी की अत्यंत महत्वपूर्ण और विशाल शिला सवारी का पुजारी गोपाल तेली मुकेश तेली द्वारा पूजा अर्चना, आरती विधिवत संपन्न की ।रावला घाट पर एकत्रित श्रद्धालु भक्तों के मध्य, घासभेरू बावजी की कठिन शिला सवारी को पूजा-अर्चना और भोग लगाकर उनके निर्धारित स्थान से हिलाकर उनकी गाड़ी को दोनों तरफ चैन बांधकर खींचना शुरू किया। समर्पित व्यक्तियों के थकने पर बीच-बीच में ट्रैक्टर का सहारा भी लिया गया ? पांच से अधिकसमर्पित व्यक्तियों द्वारा गाड़ी को दोनों तरफ चैन बांधकर बड़ी सावधानी के साथ करीब 80 टन वजनी शिला खींची जाती है। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान, पुरानी परंपरा के अनुसार शहर के पुराने परकोटे का मार्ग से



शुरूकिया गया। काफिला विभिन्न मोहल्लों–तहनाल गेट, मुस्लिम मोहल्ला, बद्री का चौक, कायमखानी मोहल्ला, कलँीजरी गेट, कुम्हार मोहल्ला और कोठार मोहल्ला–पुराने परकोटे के रास्ते से गुजरते हुए श्रद्धालुओं के अथक प्रयासों के बाद भी यह घास बावजी की सवारी चमना बावड़ी शिवाजी मार्ग तक पहुँची,ओर रुक गयी तथा सभी जनों के लाख कोशिशें के बावजूद घास बावजी आगे नहीं खिसक सके वह नहीं हिले तथा वहीं रुक गए अब इस जगह पर घास भेरु सेवा समिति द्वारा 11 दिनों तक पूजा अर्चना सेवा की जाएगी और यह अनुष्ठान तब तक चलता रहेगा जब तक देव उठनी ग्यारस नहीं आ जाती। इस जगह से वापस देवउठनी ग्यारस रात्रि में विधि विधान से पूजा अर्चना कर घास भेरू बावजी के निर्धारित स्थान रावला घाट के सामने पहुंचाए जाएंगे देवउठनी ग्यारस के एक दिन पहले शिवाजी मार्ग पर घास भेरू सेवा समिति के तत्वाधान मेंभजन संध्या का आयोजन भी होगासवारी मार्ग में श्रद्धालु जनता व किसान पटाखे भी छोड़ते गए तथा हूटिंग भी करते गए।

जीवन जीने की कला सिखाती है कथा - संत दिग्विजय राम





लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

चित्तौड़गढ़ परंपराओं में अभिवादन में राम का नाम लिया जाता था लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव ने हमारी संस्कृति को नष्ट किया है। संत दिग्विजय राम जी ने मरमी ग्राम मे बंशी लाल , राधे श्याम विजय वर्गीय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ से रसाअमृत पान करवा रहे थे द्य संत ने कहा कि जो आप जीवन में बनना चाहते हैं उसका चिंतन लेकर चलो लेकिन चिंतन पक्का होना चाहिए कथाओं से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन होना चाहिए तभी कथा सुनना सार्थक होता है। व्यक्ति को शब्दों का प्रयोग हमेशा सोच समझ कर करना चाहिए संत ने कहा की कथाएं जीवन जीने की कला सिखाती है भगवान का नाम ही व्यक्ति को जीवन में सत्य मार्ग की ओर ले जाता है ।

भक्त राज नरसी की भक्ति का प्रभाव यह है कि दुनिया आज भी नरसी का नाम लेती है संत ने कहा कि आज के युग में व्यक्ति अपने घर के बाहर धर्म चिन्ह है लगाने में भी शर्म महसूस करते हैं । जो व्यक्ति जैसा सोचता है उसको वैसा ही यह संसार दिखता है जो अच्छा सोचेगा उसके लिए सभी अच्छे हैं और जो बुरा सोचेगा उसके लिए सभी बुरे हैं द्य इस संसार में भगवान को प्रसन्न करना सरल है लेकिन संसार को प्रसन्न नहीं कर सकते द्य जीवन में यश, अपयश,जीवन, मरण, हानि, लाभ यह सब ईश्वर के हाथ में होता है हमेशा इस भाव को लेकर चलो की जो कुछ यदि हमारे अनुकूल हो रहा है तो उसे हरि कृपा मानो और यदि हमारे प्रतिकूल हो तो उसे प्रभु इच्छा मानकर स्वीकार करों द्य आज कथा प्रसंग में जब नरसी मेहता अपनी पुत्री नानी के मायरा भरने के लिए अपने भाई बंधुओ से सहायता मांगते हैं तो सभी मना कर देते हैं यहां तक भी कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ मायरा भरने नहीं आएंगे इस पर नरसी मेहता अपने संतों के साथ टूटी-फूटी गाड़ी और बीमार बेलो को जोत कर मायरा भरने के लिए रवाना हो जाते हैं रास्ते में जब उनकी गाड़ी टूट जाती है तो नरसी मेहता अपने प्रभु को या याद करते हैं। व्यक्ति को भरोसा भगवान का करते हुए अपना कर्म करना चाहिए। शब्दों से आदमी दिल में उतर जाता है और शब्दों से ही आदमी दिल से उतर जाता है।

खेल में जीत का मंत्र जरूरी, विरोधी की रणनीति समझकर खेलें खिलाड़ी - विधायक खंडेलवाल



लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजौलियां

ग्राम पंचायत विक्रमपुरा स्थित मोदी ग्राउंड में बुधवार को श्रीबनी के बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को अनुशासन, धैर्य और रणनीति का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेल और राजनीति दोनों ही सूझबूझ के खेल हैं।

इनमें व्यक्ति को अपने कर्तव्य और भावनाओं के साथ मैदान में उतरना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश दिया कि उनका पूरा ध्यान विरोधी टीम की रणनीति पर होना चाहिए और यह समझना चाहिए कि किस सोच और रणनीति के साथ मुकाबला जीतकर विरोधी को पराजित किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि केवल जोश से मुकाबले नहीं जीते जाते, बल्कि सही समय पर सही निर्णय लेना और परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति बदलना भी जरूरी है। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए तथा हार-जीत से ऊपर उठकर अनुशासन और आपसी भाईचारे को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं विक्रमपुरा के पूर्व सरपंच एडवोकेट मुकेश कुमार धाकड़ ने की। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें मध्यप्रदेश की दो तथा बूंदी जिले की तीन टीमें भी शामिल हैं। दस दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की टीमें अपनी क्रिकेट प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। उपरमाल क्षेत्र की प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शामिल इस आयोजन को विनायक नवयुवक मंडल विक्रमपुरा के युवा लगातार पांच वर्षों से आयोजित कर रहे हैं। प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिल रहा है। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद वार्ड 44 के प्रत्याशी नोरतम धाकड़, आयुष धाकड़, अक्षत धाकड़, राजेश धाकड़, शंकरलाल धाकड़, थड़ोदा सरपंच प्रतिनिधि राजेश धाकड़, केलखेड़ा उपसरपंच गोपाल धाकड़, भोपतपुरा सरपंच प्रतिनिधि सचिन बंजारा, उमाजी का खेड़ा सरपंच दुर्गीलाल कराड़, मांगीलाल कराड़, प्रकाश गुर्जर, विक्रमपुरा सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश मीणा, अर्जुन मीणा एवं सुशील धाकड़ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही मोदी ग्राउंड में क्रिकेट का रोमांच शुरू हो गया। अब अगले दस दिनों तक चौके-छक्कों और रोमांचक मुकाबलों के बीच 24 टीमें खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

मरणोपरान्त करवाया नैत्रदान



लोकजीवन न्यूज सर्विस, गंगापुर



भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर द्वारा सेवा और मानवता की मिशाल पेश करते हुए स्व. विनोद छाजेड़ का मरणोपरांत नेत्र दान करवाया गया । नेत्रदान के इस सराहनीय प्रयास से जरूरतमंद नेत्रहीन लोगों के जीवन में रोशनी लाने की उम्मीद जगी है । शाखाध्यक्ष चमन लोसर ने नेत्रदान को महादान बताते हुए इसे मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम माना है ।

किसी व्यक्ति के जीवन त्याग करने के बाद उसकी आँखो के माध्यम से दूसरे दो व्यक्तियों के जीवन में रोशनी की किरण दिखाई देगी। इस पुनीत कार्य को रामस्नेही चिकित्सालय की अनुभवी टीम द्वारा संपन्न करवाया गया । इस अवसर पर शाखाध्यक्ष चमन लोसर , प्रकल्प प्रभारी भेरूलाल सुराणा, अखिलेश अग्रवाल , परिवार के सदस्य भाई सम्पत छाजेड़ , पुत्र आशीष कुमार छाजेड़ , आयुष दुग्गड़, जगदीश झंवर , लोकेश कोठारी आदि उपस्थित थे।

जरूरतमंद परिवारों को वितरित किये आटे के कट्टे



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

मानव दया अभियान के तहत राजस्थान जनमंच द्वारा अंतिम छोर पर खड़े निर्धन गरीब झुग्गी झोपड़ी में निवासरत परिवारों को 5 किलो आटे के कट्टे 90 परिवारों की महिला मुखिया को राजस्थान जन मंच अध्यक्ष भाजपा नेता कैलाश सोनी , समाजसेवी कमल सोनी द्वारा काशीपुरी रोड पर निशुल्क वितरित किए। विदित रहे कि पिछले 5 वर्षों से लगातार प्रत्येक महीने की अमावस को आटे के कट्टे वितरित किए जा रहे है इस दौरान अब तक 27500 किलो आटा का वितरण किया जा चुका है इस दौरान भीलवाड़ा इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन के संरक्षक रामपाल सोनी, रामचंद्र मूंदड़ा जयनारायण जोशी , हार्दिक सोनी ,भानु सालवी, द्वारका नुवाल ,कालू धोबी ,मोनू प्रजापत ,किशन गाडरी ,विनोद जाट ,लोकेश खारोल साथ थे।

संघर्षशील पत्रकार ग्रुप ने लिया स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता का संकल्प

पत्रकार स्व. अतुल सेठी का अर्पित की श्रद्धांजलि, दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, नसीराबाद

कस्बे के फार्म जी चौक स्थित जार के जिला कार्यालय में बुधवार को संघर्षशील पत्रकार ग्रुप के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के अनेक पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा एक-दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार दिलीप राय शर्मा ने क्षेत्र के वरिष्ठ दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय अतुल सेठी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने स्वर्गीय अतुल सेठी की स्मृतियों को याद किया तथा उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलते हुए स्वच्छ, निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और आमजन की आवाज को जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाना है। साथ ही नसीराबाद नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता से उठाने तथा जनहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया समारोह में अजीत सेठी, अशोक लोढ़ा, दिलीप राय शर्मा, विमला वैष्णव, अनिल लोहरे, योगेश बुलचंदानी, शिव प्रकाश प्रजापति, रोहित जैन, निखिल गुर्जर, योगेन्द्र बुलचंदानी, श्याम सिंह सांखला सहित क्षेत्र के अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दीपावली की शुभकामनाओं एवं आपसी स्नेह और एकता के संदेश के साथ हुआ।

बम्ब के नेत्रों से दो की दुनिया होगी रोशन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा



भीलवाड़ा रोड निवासी अशोक कुमार बम्ब का आकस्मिक स्वर्गवास हो बुधवार को हो गया पर्यावरण मित्र मण्डल के प्रयास व परिवार की सहमति से दिवंगत बम्ब का नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिससे दो दृष्टिहीन चेहरों को नई रोशनी मिलेगी । इस दौरान परिजन गौतम कुमार बम्ब , विवेक बम्ब , निमिष बम्ब इत्यादि मौजूद रहे। आई बैंक सोसायटी अजमेर की टीम ने नेत्र उत्सर्जन की प्रक्रीया पूर्ण की व बम्ब परिवार का आभार ज्ञापित किया।

सरेरी में दर्दनाक हादसाः मकान की छत से गिरकर बारां के युवक की मौत

भीलवाड़ा। जिले के सरेरी गांव में एक भीषण हादसे में बारां जिले के एक युवक की जान चली गई, जहां फैक्ट्री की स्टाफ कॉलोनी में बने मकान की छत से नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। एमजीएच चौकी पर तैनात कांस्टेबल राजेश मीणा ने बताया कि बारां जिले के अजनावर (भील मोहल्ला) निवासी रामविलास (45) पुत्र कन्हैयालाल गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के सरेरी इलाके में स्थित संगम इंडिया लिमिटेड की स्टाफ कॉलोनी में आए हुए थे। इसी दौरान वे एक मकान की छत से नीचे गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद घायल रामविलास को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाकर परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।पुलिस इस अचानक हुए हादसे के असली कारणों की बारीकी से जांच-पड़ताल कर रही है।

बहनों ने टीका लगा की भाइयों के दीर्घायु होने की कामना

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शहपुरा

हर साल की भांति कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन मनाया जाने वाला भाई बहन के प्रेम का त्यौहार भाई दूज बुधवार को मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी खुशहाली और लंबी आयु की कामना की। वहीं भाईयों में भी अपनी बहन को उपहार दिए। जानकारी अनुसार भैया दूज को यम द्वितीया, भाऊ बीज, भाई दूज, भात्र द्वितीया और भतरु द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। दीवाली पूजा के दो

दिन पश्चात यम द्वितीया के पावन पर्व पर मृत्यु के देवता, यमराज की पूजा-अर्चना की जाती है। यम देव सहित भगवान चित्रगुप्त तथा यमदूतों की पूजा भी यम द्वितीया के दिन की जाती है। इस दिन भाइयों को अपनी बहन के घर पर भोजन जरूर करने की मान्यता है।

शास्त्रों के अनुसार, जो बहनें इस शुभ अवसर पर अपने भाइयों को भोजन कराती हैं, उन्हें अखण्ड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मिलता है। इस दिन बहनों के घर भोजन करने से भाइयों को दीर्घायु प्राप्त होती है। इसीलिये भाई दूज के दिन बहनें अपने भाइयों के लिये भोजन पकाती हैं और उन्हें अपने हाथों से भोजन ग्रहण कराती हैं।

मलाण से 45 वर्षीय प्रौढ़ लापता, बेटे ने सुभाषनगर थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मल्लाणा इलाके से एक 45 वर्षीय प्रौढ़ व्यक्ति के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है, जो 9 नवंबर की शाम को बिना किसी को बताए घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे।

सहायक उपनिरीक्षक मुकेश कुमार के अनुसार, मल्लाणा निवासी रामजस खटीक (45) पुत्र बालूराम 9 नवंबर की शाम करीब सात बजे अपने परिजनों को बिना कोई सूचना दिए घर से बाहर निकले थे। काफी देर तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों की चिंता बढ़ने लगी। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास के रिश्तेदारों और तमाम संभावित स्थानों पर उनकी काफी तलाश की, लेकिन प्रौढ़ का कोई सुराग हाथ नहीं लगा। कोई सफलता न मिलने पर बुधवार को उनके बेटे ईश्वर खटीक ने सुभाषनगर थाने पहुंचकर औपचारिक रूप से गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर गुमशुदा प्रौढ़ की तलाश के लिए विभिन्न दिशाओं में प्रयास शुरू कर दिए हैं। व्यक्ति के अचानक इस तरह गायब हो जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे और चिंता में है। पुलिस और परिजनों के संयुक्त प्रयासों से उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही उनका कोई सुराग मिल सकेगा।

मोबाइल चोरी के संदेह में गुस्साए लोगों ने युवक को दबोच की जमकर धुनाई

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के पुलिस लाइन मार्ग स्थित डेयरी बूथ के पास मोबाइल चोरी के संदेह में लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया और आक्रोशित भीड़ ने उसकी पिटाई करने के बाद उसे गांधीनगर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। क्षेत्रीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले मोहिनी स्वीट्स के पास स्थित श्रीराम सरस पार्लर से दो मोबाइल चोरी होने की बात सामने आई थी। इसके बाद जब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तो उसमें एक संदिग्ध युवक नजर आया था। लोगों ने उसकी काफी तलाश की थी, लेकिन वह उस वक्त हाथ नहीं आया।

बुधवार शाम को जब वही युवक दोबारा इलाके में नजर आया, तो सतर्क लोगों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। लोगों का गंभीर आरोप है कि पकड़े गए युवक के पास से कुल चार मोबाइल बरामद हुए हैं। इनमें से दो मोबाइल डेयरी बूथ से और अन्य दो किसी अन्य स्थान से चुराए जाने का कयास लगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच और पूछताछ के बाद ही चोरी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कानून को हाथ में लेना सही नहीं है, हालांकि बढ़ती चोरी की वारदातों के चलते आम जनता में रोष साफ देखा जा सकता है। पुलिस इस मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है ताकि चोरी के असली नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/4818

आम सूचना

एतदद्वारा श्री सूर्य प्रकाश नाथानी पुत्र श्री महावीर प्रसाद नाथानी राजस्व ग्राम आरजिया की आराजी 410 गैर योजना में भूखण्ड संख्या सी-64 साईज 20X40 = 88.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती स्नेहलता पारीक पत्नी श्री अतुल कुमार जोशी को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री मोहन प्रकाश चौधरी पुत्र श्री छोगा लाल चौधरी द्वारा नामान्तरण चाहा है।

श्री मोहन प्रकाश चौधरी पुत्र श्री छोगा लाल चौधरी द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/4819

आम सूचना

एतदद्वारा श्री सूर्य प्रकाश नाथानी पुत्र श्री महावीर प्रसाद नाथानी राजस्व ग्राम आरजिया की आराजी 410, 411 गैर योजना में भूखण्ड संख्या सी-63 साईज 20X40=88.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती स्नेहलता पारीक पत्नी श्री अतुल कुमार पारीक को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्री मोहन प्रकाश चौधरी पुत्र श्री छोगा लाल चौधरी द्वारा नामान्तरण चाहा है।

श्री मोहन प्रकाश चौधरी पुत्र श्री छोगा लाल चौधरी द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नही की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नही होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

रोजगार सूचनाएं JOBS

■ **इंडियन बैंक में अप्रेंटिस के 1,500 पदों पर भर्ती हेतु किसी भी विषय में स्नातक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।** इसके लिए स्नातक की परीक्षा 1 अप्रैल 2022 से 1 नवंबर 2026 के बीच उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आयु सीमा 20 से 28 वर्ष निर्धारित है। चयन ऑनलाइन परीक्षा, स्थानीय भाषा दक्षता परीक्षण एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर होगा। प्रशिक्षण अवधि 12 माह की रहेगी, जिसमें 12,300 से 15,000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। पहले अप्रेंटिसशिप कर चुके अथवा स्नातक के बाद एक वर्ष या अधिक कार्यानुभव वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।

■ **बैंक ऑफ बड़ौदा के वेल्थ मैनेजमेंट सर्विसेज विभाग में 837 पदों पर अनुभवी अभ्यर्थियों की भर्ती।** इनमें सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर, टेरिटरी हेड, ग्रुप हेड, इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट मैनेजर एवं हेड इन्वेस्टमेंट के पद शामिल हैं। स्नातक डिग्री के साथ पदानुसार 3 से 12 वर्ष का संबंधित कार्यानुभव एवं निर्धारित व्यावसायिक प्रमाणपत्र आवश्यक हैं। आयु सीमा पद के अनुसार 24 से 50 वर्ष निर्धारित है। भर्ती संविदा आधार पर 5 वर्ष के लिए है। यह फ्रेशर भर्ती नहीं है। ऑनलाइन की अंतिमतिथि 24 नवंबर है।

■ **भर्ती। आयु सीमा 21 से 30 वर्ष निर्धारित है।** चयन स्नातक में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। प्रशिक्षण अवधि 12 माह की रहेगी, जिसमें 15,000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। स्नातकोत्तर डिग्रीधारक, पूर्व में अप्रेंटिसशिप कर चुके तथा 1 अप्रैल 2026 तक एक वर्ष या अधिक कार्यानुभव वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

■ **उत्तर रेलवे के रेलवे भर्ती सेल द्वारा अप्रेंटिस के 4,651 पदों की भर्ती। ये पद लखनऊ, दिल्ली, फिरोजपुर, मुरादाबाद, अंबाला एवं जम्मू क्लस्टर में हैं।** अभ्यर्थी 10वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई (एनसीवीटी एससीवीटी) उत्तीर्ण होना चाहिए। आयु सीमा 15 से 24 वर्ष है। चयन 10वीं एवं आईटीआई में प्राप्त अंकों के औसत के आधार पर मेरिट से होगा। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 11 दिसंबर है।

■ **दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के 108 पदों पर भर्ती।** इनमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल सहित कुल 5 विषयों के पद शामिल हैं। अभ्यर्थी के पास संबंधित विषय में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री होनी चाहिए। सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए न्यूनतम 65 प्रतिशत तथा एससी, एसटी एवं दिव्यांग वर्ग के लिए 60 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। संबंधित विषय में वैध गेट-2025 स्कोर होना आवश्यक है। अधिकतम आयु सीमा 29 वर्ष है। चयन गेट-2025 के अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 6 दिसंबर है।

■ **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), पाइपलाइंस डिवीजन में लगभग 500 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती।** इसमें टेक्नीशियन अप्रेंटिस (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टेलीकम्युनिकेशन एवं इंस्ट्रूमेंटेशन), ट्रेड अप्रेंटिस (असिस्टेंट-ह्यूमन रिसोर्स, अकाउंटेंट), डाटा एंट्री ऑपरेटर (फ्रेशर) तथा डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद शामिल हैं। संबंधित ट्रेड के अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता चाहिए। आयु 18 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 12 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा नियमानुसार स्टाइपेंड मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर है।

■ **रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने आइसोलेटेड कैटेगरी के 191 पदों पर भर्ती का।** इसमें चीफ लॉ असिस्टेंट, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर, जूनियर ट्रांसलेटर, स्टाफ एंड वेलफेयर इंस्पेक्टर, साइंटिफिक असिस्टेंट और लैब असिस्टेंट के पद शामिल हैं। पद के अनुसार 12वीं विज्ञान, संबंधित विषय में डिग्री, स्नातकोत्तर या व्यावसायिक योग्यता निर्धारित है। आयु सीमा पदानुसार 18 से 30 वर्ष तथा 18 से 40 वर्ष तक है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, जहां लागू हो, अनुवाद परीक्षा, एवं मेडिकल परीक्षण के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है।

■ **एनएलसी इंडिया लिमिटेड में ग्रेजुएट एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (जीईटी) के 143 पदों पर भर्ती।** इनमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल एवं माइनिंग विषय शामिल हैं। संबंधित विषय में इंजीनियरिंग स्नातक डिग्रीधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए गेट-2025 में संबंधित विषय का वैध स्कोर होना आवश्यक है। सामान्य, ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी-एनसीएल वर्ग के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा एससी-एसटी वर्ग के लिए 50 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। अधिकतम आयु सीमा वर्ग के अनुसार 30, 33 एवं 35 वर्ष है। चयन गेट-2025 के अंकों एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 दिसंबर तथा अंतिम सबमिशन की तिथि 16 दिसंबर है।

■ **राइट्स लिमिटेड में ग्रेजुएट, डिप्लोमा एवं आईटीआई अप्रेंटिस के 281 पदों पर भर्ती निकाली गई है।** इनमें ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 168, डिप्लोमा अप्रेंटिस के 62 तथा आईटीआई ट्रेड अप्रेंटिस के 51 पद शामिल हैं। संबंधित विषय में इंजीनियरिंग स्नातक, डिप्लोमा अथवा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। चयन शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। प्रशिक्षण अवधि 1 वर्ष रहेगी तथा नियमानुसार 10,560 से 15,650 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। आवेदन के लिए एनएटीएस एनएपीएस पोर्टल पर पंजीकरण के साथ राइट्स के पोर्टल पर भी आवेदन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है।

■ **दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) में 5 श्रेणियों के अंतर्गत 258 पदों पर भर्ती।** इनमें गुड्स ट्रेन मैनेजर, जूनियर इंजीनियर (ब्रिज), जूनियर इंजीनियर (पी-वे), जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल वर्कशॉप) सहित अन्य पद शामिल हैं। संबंधित पद के अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा होना चहिये। आयु सीमा 18 से 42 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है।

■ **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी शार), श्रीहरिकोटा में अप्रेंटिस के 400 पदों पर भर्ती** जिसमें इंजीनियरिंग ग्रेजुएट, नॉन-इंजीनियरिंग ग्रेजुएट, टेक्नीशियन अप्रेंटिस, डिप्लोमा, ट्रेड एवं वोकेशनल अप्रेंटिस के पद शामिल हैं। संबंधित विषय में बीई, बीटेक, बीएससी, बीकॉम, बीए, डिप्लोमा, आईटीआई या वोकेशनल सर्टिफिकेटधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयन शैक्षणिक अंकों के आधार पर मेरिट से होगा। प्रशिक्षण अवधि 12 माह है तथा नियमानुसार 9,600 से 12,300 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड देय है। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 26 नवंबर है।

■ **तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) में अप्रेंटिस के 3047 पदों पर भर्ती।** इनमें ट्रेड अप्रेंटिस, डिप्लोमा अप्रेंटिस एवं ग्रेजुएट अप्रेंटिस के पद शामिल हैं। ट्रेड के अनुसार 10वीं, 12वीं, संबंधित आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक की योग्यता निर्धारित है। प्रमुख ट्रेडों में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर, डीजल मैकेनिक, अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव, सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल एग्जीक्यूटिव शामिल हैं। आयु सीमा 18 से 24 वर्ष है। चयन शैक्षणिक अंकों के आधार पर मेरिट सूची एवं दस्तावेज सत्यापन से होगा। प्रशिक्षण अवधि 12 माह रहेगी। राजस्थान के अभ्यर्थियों के लिए जोधपुर कार्य केंद्र निर्धारित है। इसके लिए राजस्थान का निवासी होना या संबंधित योग्यता राजस्थान से प्राप्त होना आवश्यक है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर है।

■ **सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) में शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत मेडिकल ऑफिसर के 120 पदों पर भर्ती।** इनमें पुरुष अभ्यर्थियों के 90 और महिला अभ्यर्थियों के 30 पद हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एमबीबीएस निर्धारित है। एमबीबीएस डिग्रीधारकों की आयु 30 वर्ष से कम तथा स्नातकोत्तर डिग्रीधारकों की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिए। चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। साक्षात्कार दिसंबर 2026 में दिल्ली में संभावित है। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

■ **परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसायटी (एईईएस) में ने शिक्षण एवं अन्य पदों पर 254 पदों की भर्ती।** इनमें प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी), ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी), प्राइमरी टीचर (पीआरटी), लाइब्रेरियन, पीआरटी म्यूजिक एवं बालवाटिका टीचर के पद शामिल हैं। पदों के अनुसार 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक , स्नातकोत्तर, बीएड एवं सीटीईटी सहित निर्धारित योग्यता आवश्यक है। आयु सीमा पद के अनुसार अधिकतम 30 से 50 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से पद के अनुसार होगा। ऑनलाइन की अंतिम तिथि 22 नवंबर है।

■ **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में प्रोबेशनरी इंजीनियर के 350 पदों पर भर्ती।** इनमें इलेक्ट्रॉनिक्स के 200 और मैकेनिकल के 150 पद हैं। संबंधित विषय में 4 वर्षीय बीई, बीटेक या बीएससी इंजीनियरिंग डिग्रीधारक आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष है। भर्ती ई-2 ग्रेड के अंतर्गत होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

■ **भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में आर्टिजन ग्रेड-4 के 660 पदों पर भर्ती।** इसमें फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक और फाउंड्रीमैन ट्रेड शामिल हैं। अभ्यर्थी 10वीं उत्तीर्ण होने के साथ संबंधित ट्रेड में एनटीसी या आईटीआई तथा एनएसी प्रमाणपत्रधारक होना चाहिए। सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के लिए दोनों प्रमाणपत्रों में न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा एससी एसटी वर्ग के लिए 55 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। अधिकतम आयु 27 वर्ष है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और क्वालिफाइंग स्किल टेस्ट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 नवंबर तथा संभावित परीक्षा तिथि 11 दिसंबर है।

■ **न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के नरौरा परमाणु बिजलीघर में अप्रेंटिस के 80 पदों पर भर्ती।** इनमें आईटीआई अप्रेंटिस के 50, डिप्लोमा अप्रेंटिस के 16 तथा ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 14 पद शामिल हैं। संबंधित ट्रेड में आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक डिग्रीधारक आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा अप्रेंटिस के प्रकार के अनुसार 18 से 24, 25 या 26 वर्ष निर्धारित है। चयन योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगा। अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

■ **राजकोट नगर निगम में अप्रेंटिस के 825 पदों पर भर्ती।** संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयन शैक्षणिक मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस अधिनियम एवं मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के तहत निर्धारित दर से मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर है। ऑनलाइन आवेदन के बाद भरे हुए आवेदन पत्र एवं स्वप्रमाणित दस्तावेजों की प्रति राजकोट नगर निगम कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा कराने की अंतिम तिथि 23 नवंबर है।

■ **भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने सीईएन 08/2026 के तहत स्नातक पास आवेदकों हेतु स्टेशन मास्टर के 1,215 पदों पर भर्ती।** आयु सीमा 1 जनवरी 2027 को 20 से 33 वर्ष निर्धारित है। चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा सहित निर्धारित भर्ती प्रक्रिया के अनुसार होगा। परीक्षा में 100 प्रश्न, 100 अंक और 120 मिनट का समय होगा। इसमें बेसिक साइंस, गणितीय एवं विश्लेषणात्मक क्षमता से 60, तार्किक क्षमता से 20 और मानसिक तर्कशक्ति से 20 प्रश्न होंगे। गलत उत्तर पर एक-तिहाई अंक की कटौती होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है।

■ **दक्षिण पूर्व रेलवे ने वर्ष 2026-27 के लिए खेल कोटे के अंतर्गत ग्रुप 'सी' एवं ग्रुप 'डी' के कुल 54 पदों पर भर्ती।** इनमें ग्रुप 'सी' के लेवल 4 एवं 5 में 5 पद, लेवल 2 एवं 3 में 16 पद तथा ग्रुप 'डी' के लेवल 1 में 33 पद शामिल हैं। आवेदन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के साथ संबंधित खेल में मान्य उपलब्धियां होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयु 1 जनवरी 2027 को 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए। खेल उपलब्धियां 1 अप्रैल 2024 या उसके बाद की होनी चाहिए। चयन खेल परीक्षण, प्रमाणपत्र सत्यापन एवं खेलवार मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है।

■ **राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में इंस्पेक्टर के 29 और सब-इंस्पेक्टर के 28 सहित कुल 57 पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती निकली है।** अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातककी डिग्री तथा आपराधिक मामलों की जांच, खुफिया कार्य, संचालन, आईटी मामलों या आतंकवाद-रोधी प्रशिक्षण में 2 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है। इंस्पेक्टर पद के लिए वेतनमान पे-लेवल 7 तथा सब-इंस्पेक्टर के लिए पे-लेवल 6 निर्धारित है। आवेदन ऑफलाइन करना होगा। आवेदन निर्धारित पते पर विज्ञापन प्रकाशन से 45 दिनों के भीतर पहुंचना चाहिएय उपलब्ध जानकारी के अनुसार अंतिम तिथि 22 नवंबर है।

■ **राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में सहायक उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल और डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल 111 पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती निकली है।** सहायक उपनिरीक्षक के लिए स्नातक, हेड कांस्टेबल के लिए 12वीं पास तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए आईटी में 'ओ' या 'ए' लेवल प्रमाणपत्र के साथ निर्धारित अनुभव आवश्यक है। अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष है। पद के अनुसार वेतनमान पे-लेवल 4 और पे-लेवल 5 निर्धारित है। आवेदन ऑफलाइन करना होगा तथा निर्धारित आवेदन पत्र डाक से भेजना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है।

■ **भारत सरकार के सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल), मोहाली में 83 पदों पर भर्ती।** इसमें प्रशासनिक अधिकारी, लेखा अधिकारी, खरीद एवं भंडार अधिकारी, जूनियर पर्सनल असिस्टेंट, टेक्निकल असिस्टेंट और टेक्नीशियन-बी के पद शामिल हैं। कुल पदों में प्रशासनिक श्रेणी के 12, टेक्निकल असिस्टेंट के 30 और टेक्नीशियन-बी के 41 पद हैं। शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा पद के अनुसार निर्धारित हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। नियुक्ति एससीएल, एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब में होगी एवं आवश्यकता के अनुसार अन्य स्थान पर भी तैनाती की जा सकती है।

■ **ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड (ग्रिड-इंडिया) में इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के कुल 52 पद की भर्ती।** चयन गेट 2027 के स्कोर के आधार पर होगा। प्रमुख केंद्र दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, गुवाहाटी और शिलांग हैं।

■ **दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के 219 पदों पर भर्ती है।** संबंधित विषय में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। प्रमुख विषयों में एप्लाइड केमिस्ट्री, केमिकल इंजीनियरिंग, एप्लाइड मैथमेटिक्स, मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग, एप्लाइड फिजिक्स, इंजीनियरिंग फिजिक्स, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डिजाइन, बायोटेक्नोलॉजी, जियोस्पेशियल साइंस और जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 दिसंबर है। चयन स्क्रीनिंग, दस्तावेज एवं अंकों के सत्यापन, और साक्षात्कार के आधार पर होगा।

■ **आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के 119 पदों पर भर्ती ।** इनमें 96 पद सीधी भर्ती तथा 23 पद स्थानांतरण भर्ती के हैं। सीधी भर्ती के लिए विधि में स्नातक डिग्री आवश्यक है। आयु सीमा सीधी अधिकतम 35 वर्ष तथा स्थानांतरण भर्ती के लिए अधिकतम 48 वर्ष निर्धारित है। चयन प्रक्रिया में कंप्यूटर आधारित स्क्रीनिंग टेस्ट, लिखित परीक्षा एवं मौखिक साक्षात्कार शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर 2026 कर दी गई है।

■ **उत्तर रेलवे (आरआरसी) में स्काउट्स एवं गाइड्स कोटे के तहत 27 पदों पर भर्ती ।** इनमें ग्रुप 'सी' के 5 पद लेवल-2 तथा ग्रुप 'डी' (पूर्ववर्ती) के 22 पद लेवल-1 के हैं। आवेदन के लिए राष्ट्रपति स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर अवार्ड अथवा हिमालय वुड बैज धारक अभ्यर्थी पात्र हैं। आयु सीमा पद एवं श्रेणी के अनुसार निर्धारित है। आवेदन की अंतिम तिथि 6 दिसंबर है।

■ **बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना में सहायक अनुभाग अधिकारी के 50 तथा सहायक परिचर के 4 सहित कुल 54 पदों की भर्ती।** दोनों पदों के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री होना आवश्यक है। न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु वर्ग के अनुसार 37 से 42 वर्ष निर्धारित है। सहायक अनुभाग अधिकारी का वेतनमान पे-लेवल-7 तथा सहायक परिचर का पे-लेवल-4 है। आवेदन की अंतिम तिथि 27 नवंबर 2026 है।

■ **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा राज्य के जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग हेतु इंजीनियर के 1050 पदों की भर्ती। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष है** योग्यता संबंधित इंजीनियरिंग ब्रांच जैसे सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, आदि में से किसी एक में में डिग्री अथवा डिप्लोमा होना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत विज्ञप्ति शीघ्र जारी की जाएगी।

■ **नेशनल प्रोजेक्ट कन्स्ट्रक्शन कार्पोरेशन द्वारा विभिन्न अधिकारियों के 12 पदों की भर्ती।** योग्यता पदानुसार व्यवसायिक डिग्री चहिये। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 नवंबर है।

■ **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) मे संयुक्त निम्न अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा-2026 के तहत 1,784 पदों पर भर्ती।** इसमें वाणिज्यिक कर संग्रह अमीन, भूमि अर्जन अमीन, स्टोरकीपर, सहायक लिपिक, सहकारी एवं विकास पर्यवेक्षक, गृह माता, आशुलिपिक, समाज कल्याण पर्यवेक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, फार्म क्लर्क तथा बिक्री लिपिक के पद शामिल हैं। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 में शामिल होना आवश्यक है। शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार निर्धारित है। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2026 तथा शुल्क समायोजन एवं संशोधन की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है।

उपरोक्त सभी रोजगार सूचनाओं की विस्तृत जानकारी हेतु आप हमारे ''लोकजीवन'' समाचारपत्र के कैरियर काउन्सलर से संपर्क कर सकतें हैं जिनका पता है -

अरूणसंतोष मुछाल

द्वारा-लक्की फोटोस्टेट, फार्म एण्ड बुक्स, 105, बालाजी मार्केट, भीलवाड़ा और अब अंत में कुछ जानकारी आगामी महीनों में होने वाली मुख्य मुख्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथियों की जो कि इस प्रकार है-

■ **कर्मचारी चयन आयोग की सीपीओ परीक्षा** — **20 से 28 नवम्बर**

■ **आईबीपीएस ग्रामीण बैंक ऑफिसर परीक्षा** — **21 से 22 नवम्बर**

■ **स्टेट बैंक की क्लर्क भर्ती मुख्य परीक्षा** — **26 नवम्बर**

■ **संघ लोक सेवा आयोग आइएफएस मुख्य परीक्षा** — **22 से 29 नवम्बर**

■ **कर्मचारी चयन आयोग की सीनीयर सैकण्डरी लेवल परीक्षा** — **30 नवम्बर से**

■ **आईबीपीएस ग्रामीण बैंक क्लर्क भर्ती परीक्षा** — **30 नवम्बर से 31 दिसम्बर**

महत्वपूर्ण सूचनाः उपरोक्त सभी जानकारियां केवल सूचना मात्र है। किसी भी भर्ती के लिये आवेदन करने से पूर्व सम्बन्धित विभाग की अधिकृत विज्ञप्ति का अवलोकन अवश्य करें।

सुभाष नगर से 14 वर्षीय बालिका लापता, कोचिंग से घर नहीं लौटी



भीलवाड़ा। शहर के सुभाष नगर क्षेत्र से 14 वर्षीय किशोरी नंदिनी चतुर्वेदी के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, बालिका कोचिंग क्लास समाप्त होने के बाद घर जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा, तो चिंतित परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन से सहयोग की अपील की है। परिजनों का कहना है कि यदि बालिका कहीं भी दिखाई दे या उसके संबंध में कोई भी जानकारी मिले, तो तत्काल मोबाइल नंबर 9785805346 पर सूचित करें, ताकि उसे सुरक्षित घर लाया जा सके।

स्टेट ऑर्डर का इंदराज करने की एवज में रिश्वत मांगने वाले पटवारी पर मामला दर्ज

भीलवाड़ा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा प्रथम यूनिट ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पालड़ी के पटवारी मनीष गुजराती के खिलाफ रिश्वत मांगने का गंभीर मामला दर्ज किया है, जिससे पूरे राजस्व विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। एसीबी के अनुसार, परिवादी गोपाल लाल ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी भूमि पर एक स्थगन आदेश (स्टेट ऑर्डर) जारी हुआ था। इस स्टेट ऑर्डर का भूमि की जमाबंदी में इंदराज (नोट) दर्ज करने के एवज में पालड़ी पटवारी मनीष गुजराती द्वारा रिश्वत राशि की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी द्वारा इसका विधिवत सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोपी पटवारी द्वारा 3,000 रुपये की रिश्वत की मांग किया जाना प्रमाणित हुआ। इसमें से 2,000 रुपये डिमांड वेरिफिकेशन के दौरान ही आरोपी ने अपने एक परिचित को दिलवाए थे, जबकि शेष 1,000 रुपये बाद में देना तय हुआ था। कार्रवाई की भनक लगने के कारण आगे का लेन-देन या ट्रैप की कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी, जिसके बाद एसीबी मुख्यालय को विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की गई। मुख्यालय के निर्देश पर आरोपी पटवारी के खिलाफ प्रकरण संख्या 302/2026 पंजीबद्ध किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस पूरे प्रकरण की जांच नरपत सिंह (डिप्टी, एसीबी द्वितीय यूनिट, भीलवाड़ा) द्वारा की जा रही है, जो यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि इस कृत्य में अन्य कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासनिक पारदर्शिता और जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत करती है। एसीबी की इस सख्ती से भ्रष्ट कर्मियों में खौफ पैदा हुआ है, और उम्मीद है कि जांच के बाद इस मामले में संलिप्त अन्य चेहरों का भी पर्दाफाश होगा।

बदनोर-आसींद मार्ग पर ट्रेलर ने बाइक को रौंदा, एक ही परिवार के मां-बेटे सहित तीन की मौत

भीलवाड़ा। जिले के बदनोर में एक भीषण सड़क हादसे ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के मां-बेटे सहित तीन लोगों की जान चली गई। सहायक उप निरीक्षक इंद्रजीत सिंह से मिली जानकारी के अनुसार, बदनोर-आसींद मार्ग पर परा बालाजी के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। इस पर बदौएर थाना अधिकारी शंभूदयाल मीना पुलिस जाप्ते और सरकारी वाहन के साथ मौके पर पहुंचे, जहां सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हालत में एक मोटरसाइकिल पड़ी थी तथा एक महिला और एक पुरुष के शव सड़क किनारे मिले। पुलिस ने मृतकों की पहचान रुकमा देवी (40) प%ी रायमल गुर्जर निवासी गरियाखेड़ा और रोशन (23) पुत्र प्रभुलाल गुर्जर निवासी पाटन के रूप में की। वहीं हादसे में गंभीर घायल गोविंद (18) पुत्र रायमल गुर्जर निवासी गरियाखेड़ा को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदौएर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में जान गंवाने वालों में मां-बेटे शामिल हैं, जिससे परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रारंभिक पुलिस जांच में दुर्घटना अज्ञात ट्रेलर चालक की टक्कर से होना सामने आया है। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला था, लेकिन पुलिस ने पीछा करते हुए रामदेव होटल के पास ट्रेलर को पकड़ लिया, जो कि जोधपुर में पंजीकृत बताया गया है। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाए हैं तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई और जांच शुरू कर दी है। यह सड़क हादसा एक बार फिर अनियंत्रित रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के खतरों को उजागर करता है।

सोनियाणा और गंगापुर के बीच ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

भीलवाड़ा। सोनियाणा और गंगापुर के बीच रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 21 वर्षीय युवक की अत्यंत दर्दनाक मौत हो गई, जिसकी शादी महज चार-पांच महीने पहले ही हुई थी। जानकारी के अनुसार, हादसा इतना गंभीर था कि युवक का सिर फट गया तथा एक पैर कटकर शरीर से अलग हो गया। मृतक युवक ने वेटर की यूनिफॉर्म पहन रखी थी जिस पर ग्रीन प्लाजा का नाम लिखा हुआ था। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस और गंगापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर चित्तौड़गढ़ अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान सुनील (21) पुत्र लखमा मीना निवासी सोपुरा, जिला बांसवाड़ा के रूप में हुई है। गंगापुर थाना प्रभारी तुलसीराम ने बताया कि युवक करीब 10 दिन पहले ही ग्रीन प्लाजा होटल में काम करने के लिए आया था और उसकी शादी कुछ ही महीने पूर्व हुई थी। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है कि युवक ट्रेन की चपेट में किन परिस्थितियों में आया। पोस्टमार्टम एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया और मर्ग दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। यह दुर्घटना अत्यंत हृदयविदारक है, जो सुरक्षा सावधानियों और रेलवे ट्रैक पार करने के जोखिमों पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। परिवार के कमाने वाले युवा सदस्य की अचानक इस तरह विदाई से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

बिलिया कलां में बलाई समाज के सामुदायिक भवन पर हमला, जेसीबी से गिराई दीवारें

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा




हमीरगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिलिया कलां में असामाजिक तत्वों ने कानून और शांति को ठेंगा दिखाते हुए बलाई समाज के सामुदायिक भवन पर देर रात जमकर उत्पात मचाया और जेसीबी मशीन से भवन की दीवारें तोड़ दीं।

जानकारी के अनुसार, अज्ञात लोग देर रात अचानक जेसीबी मशीन लेकर बिलिया कलां स्थित बलाई समाज के सामुदायिक भवन पर पहुंचे। उन्होंने अंधाधुंध तरीके से जेसीबी चलाकर भवन की दीवारों को क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान जब भारी आवाज सुनकर ग्रामीण जागे और मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी वहां से भाग चुके थे। इसके तुरंत बाद ग्रामीणों ने हमीरगढ़ पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी, जिसके आधार पर सुबह पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का जायजा लिया। इस कायराना और उपद्रवी हरकत को लेकर बलाई समाज के लोगों एवं ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बड़ी संख्या में समाजजन और ग्रामीण सामुदायिक भवन पर एकत्रित हुए और इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से आरोपियों की तुरंत पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है। इस प्रकार की घटनाएं सामाजिक सौहार्द और शांति के लिए गंभीर खतरा हैं। पुलिस प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मालिक और उसमें संलिप्त उपद्रवियों को बेनकाब करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

मांडलगढ़ दुर्ग में असामाजिक तत्वों के आगजनी से मचा हड़कंप, टला बड़ा संकट

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



ऐतिहासिक मांडलगढ़ दुर्ग परिसर में दीपावली के कुछ दिन बाद असामाजिक तत्वों द्वारा की गई नासमझी और लापरवाही के चलते आगजनी की गंभीर घटना घटित हो गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, दुर्ग परिसर में कुछ लोगों द्वारा जलती हुई वस्तुएं फेंकने और पटाखे फोड़ने जैसी अनुचित गतिविधियाँ की जा रही थीं। यह स्थान न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है, बल्कि यहां धार्मिक स्थल भी मौजूद हैं। इस प्रकार की लापरवाही से संपत्ति, धार्मिक स्थलों और लोगों की धार्मिक भावनाओं को भारी नुकसान पहुँच सकता था। गनीमत रही कि समय रहते प्रशासन मौके पर पहुँचा और नगर पालिका से फायर ब्रिगेड वाहन मंगवाकर आग पर नियंत्रण पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस घटना ने मांडलगढ़ में नए और आधुनिक फायर ब्रिगेड वाहन की कमी व सीमित अग्निशमन संसाधनों के मुद्दों को फिर से उजागर कर दिया है। स्थानीय नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने मांग की है कि दुर्ग एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए तथा सीसीटीवी फुटेज व साक्ष्यों के आधार पर आगजनी फैलाने वाले दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

मांडलगढ़ दुर्ग हमारी अमूल्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। इसकी सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। भविष्य में ऐसी अनहोनी को रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध और दमकल की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है।

पुर बाईपास पुलिया पर कंटीली झाड़ियों का अंबार, हादसों का मंडराता खतरा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, पुर

भीलवाड़ा-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुर बाईपास पुलिया के दोनों ओर इन दिनों अंग्रेजी बबूल और बेर की कंटीली झाडियों का घना अंबार लगा हुआ है।

झाडियों के अत्यधिक फैल जाने और सड़क तक आ जाने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर दृश्यता कम होने और रास्ता संकरा हो जाने से हर समय किसी बड़ी सड़क दुर्घटना का भय बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मार्ग व्यस्त रहता है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों के साथ-साथ पैदल राहगीर भी इस पुलिया से आवागमन करते हैं। पुलिया के दोनों तरफ उगी इन विशालकाय और कंटीली झाड़ियों की वजह से मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे आमने-सामने की भिड़ंत होने की आशंका बनी रहती है। विशेषकर रात के समय और दुपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती



है। कंटीली टहनियां सड़क पर झुकी होने के कारण कई बार राहगीर चोटिल भी हो चुके हैं। गौरतलब है कि क्षेत्रवासियों द्वारा इस गंभीर समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार संबंधित विभागों और प्रशासन को अवगत करवाया गया था। सुरेश सेन ने बताया कि जिला प्रशासन, नगर निगम और राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि बाईपास पुलिया के दोनों तरफ फैली अंग्रेजी बबूल व बेर की झाडियों की अविलंब कटाई कर पूर्ण सफाई करवाई जाए, ताकि राहगीरों को आवागमन में राहत मिल सके और किसी भी संभावित अनहोनी को टाला जा सके।

नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व में नाम मनीष पालीवाल (Maneesh Paliwal) था। जिसे बदल कर मैंने मनीष पालीवाल (Manish Paliwal) रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीष पालीवाल (Manish Paliwal) के नाम से ही जाना-पहचाना जावे।

मनीष पालीवाल (Manish Paliwal)
पुत्र अनाम देव पालीवाल
निवासी - आसीन्द, भीलवाड़ा

सड़क हादसे में घायल चित्रकार संपत सोनी का उपचार के दौरान निधन



भीलवाड़ा। शहर के जाने-माने चित्रकार संपत सोनी का गत सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद रामस्नेही अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया, जिससे उनके परिचितों और शुभचिंतकों में गहरी शोक की लहर छा गई है। गत 18 अक्टूबर की रात मुख्यमंत्री आवास योजना के निकट संपत सोनी अपने स्कूटर पर जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनके स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत रामस्नेही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब 20 दिनों तक उनका लगातार उपचार चला। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और उन्होंने दम तोड़ दिया। आपको बता दें कि संपत सोनी ने चित्रकारी का काम छोड़ने के बाद अपना पूरा जीवन धार्मिक कार्यों में समर्पित कर दिया था। पिछले 40 वर्षों से वे सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए धार्मिक गतिविधियों से जुड़े हुए थे और उन्होंने अन्न का त्याग भी किया हुआ था। उनके निधन से कला जगत, परिचितों और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में गहरा शोक व्याप्त है।